बंपर चीनी उत्पादन से रेट गिरे

थोक में भाव 4 हजार प्रति क्विंटल से गिरकर 3150 रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद।

बंपर चीनी उत्पादन और दामों में गिरावट से किसानों का बकाया गन्ना मूल्य बढ़ने लगा है। चीनी के थोक भाव चार हजार रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर 3200 रुपये क्विंटल रह गए हैं।

थोक बाजार में चीनी के दामों में लगातार गिरावट आ रही है। लेकिन यह गन्ना किसानों के लिए बड़ा संकट है। शुगर मिलों ने किसानों को भुगतान करने की प्रक्रिया धीमी कर दी है। उनको आशंका है कि चीनी के दाम अभी और गिर सकते हैं। किसानों को प्रत्येक चौदहवें दिन भुगतान मिल जाना चाहिए। जबकि हालात यह है कि किसानों को दो महीने तक का भुगतान मिलों पर बकाया है।

अधिकारियों ने भी मिलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मिलों के शुगर स्टाक पर निगरानी रखी जा रही है। अब मिलों को चीनी बिक्री से पहले डीसीओ और एसडीएम की अनुमति लेनी होगी। कई शुगर मिल प्रबंधन मिल को बंद करना चाह रहे है मगर प्रशासन निर्धारित समय तक चलाने का दबाव बना रहे हैं।

चीनी के दामों में भारी गिरावट आ गई है। चीनी मिलों के शुगर स्टाक की रोजाना जांच की जा रही है। किसानों का भुगतान किए बिना चीनी को नहीं बिकने दिया जाएगा।
– **राजेश मिश्रा**, गन्ना उपायुक्त मुरादाबाद